SHORT TAKES

DGCI को 4.6 करोड़ रुपये का कर नोटिस

■ **भाषा,मुंबई:** केंद्रीय उत्पाद खुफिया महानिदेशालय (डीजीसीईआई) ने देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन को 'माल परिवहन एजेंसी' मद में सेवा कर का भुगतान नहीं करने को लेकर 4.6 करोड़ रुपये का कारण बताओ-सह-मांग नोटिस जारी किया है। डीजीसीईआई के एक सूत्र ने कहा, 'हमने 4.64 करोड़ रुपये की कर देनदारी के लिए पिछले महीने आईओसी को नोटिस दिया था, तेल कंपनी को इसका 24 मई तक जवाब देना है।' डीजीसीईआई के अतिरिक्त महानिदेशक एस. दास द्वारा जारी नोटिस के अनुसार ट्रांसपोर्टरों को दिए गए पथकर शुल्क मूल्य की जानकारी नहीं देने को लेकर आईओसी को यह जवाब देना होगा कि क्यों न उससे ब्याज, जुर्माना तथा अतिरिक्त पेनाल्टी सहित 4.64 करोड़ रुपये की वसूली की जाए। दास ने कहा कि आईओसी एक माल परिवहन एजेंसी के तौर पर अपने कर का भुगतान ठीक से नहीं कर रही है। आईओसी ने अक्टूबर 2008 से सितंबर 2013 के बीच अपने ट्रांसपोर्टरों द्वारा दिए गए पथकर शुल्क भुगतान को वास्तविक खर्च के रूप में अपने कर योग्य मूल्य में शामिल नहीं किया है।

इसुजु ने पिक-अप ट्रक डी मैक्स उतारा

■ **भाषा,मुंबई:** जापान की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन कंपनी इसुजु मोटर्स ने अपने पिक अप ट्रक डी मैक्स की वैश्विक रेंज पेश की। जिसकी मुंबई शोरुम में कीमत 5.99 लाख रुपये से 7.09 लाख रुपये के बीच है।

मुंबई में अपना पहला आउटलेट खोलने वाली कंपनी की योजना 2016 तक 60 आउटलेट का नेटवर्क तैयार करने की है। इसुजु मोटर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक तकाशी किकुची ने कहा कि मुंबई आउटलेट के साथ देशभर में उसके डीलरों की संख्या 9 पहुंच गई है।

मार्केट तीन दिन में 1500 अंक ऊपर

■ **भाषा,मुंबई**

एग्जिट पोल में भाजपा नीत राजग की सरकार बनने के अनुमान से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स कारोबार के दौरान पहली बार 24,000 का स्तर पार कर गया, तो दूसरी ओर एनएसई निफ्टी 7,172.35 अंक की नई रेकॉर्ड ऊंचाई को छू गया। कारोबार की समाप्ति पर हालांकि, सेंसेक्स 320.23 अंक की बढ़त के साथ 23,871.23 अंक पर 24,000 से नीचे बंद हुआ। कारोबार के दौरान, सेंसेक्स सर्वकालिक उच्च स्तर 24,068 अंक को छू गया। शेयर बाजार तीन दिनों से छलांग लगा रहे हैं। तीन दिन में सेंसेक्स 1,500 अंक से अधिक की बढ़त हासिल कर चुका है।

नैशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 94 अंक के उछाल के साथ 7,108 अंक की नई रेकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह सर्वकालिक उच्च स्तर 7,172 अंक पर पहुंच गया था। तीन दिन में निफ्टी करीब 450 अंक चढ़ गया। सोमवार रात को जारी एग्जिट पोल के नतीजों में भाजपा नीत राजग द्वारा केंद्र में सरकार बनाने की संभावना जताई गई है। विभिन्न एग्जिट पोल नतीजों में नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले राजग को 249 से 290 सीटें मिलने की उम्मीद जताई गई है। विदेशी निवेशकों द्वारा बाजार में जबर्दस्त निवेश करने संबंधी आंकड़ों से भी बाजार की धारणा में मजबूती आई। शेयर बाजारों के अस्थायी आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी कोषों ने कल 1,217.95 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की लिवाली की।

ब्रोकरेज फर्म बोनांजा पोर्टफोलियो के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश गोयल ने कहा, 'बाजार की धारणा एग्जिट पोल के नतीजों को लेकर मजबूत हुई है। निवेशकों को नई सरकार से काफी उम्मीदें हैं जो अंतिम नतीजों से पहले बाजार में साफ दिख रहा है।'

चुनावी नतीजों की आहट में सेंसेक्स नित नई ऊंचाई छू रहा है। मंगलवार को सेंसेक्स 24,000 का आंकड़ा पार कर गया। हालांकि अंत में यह 23,871 अंकों पर बंद हुआ।

शुक्रवार-22994 अंक - 650 अंक ऊपर
सोमवार-23551 अंक - 557 अंक ऊपर
मंगलवार -23,871 अंक - 320 अंक ऊपर

- शुक्रवार, सोमवार, मंगलवार तीनों दिन रहा तेजी का रुख
- एग्जिट पोल के नतीजों से शेयर बाजार गुलजार
- सेंसेक्स, निफ्टी दोनों ऊपर
- नई सरकार के उत्साह में मार्केट ऊपर
- सेंसेक्स ने छूआ 24,000 का आंकड़ा
- निफ्टी नए रेकॉर्ड की ओर
- मार्केट अंत में 23,871 अंक पर हुआ बंद

'मुझे देश की चीन पर निर्भरता खत्म करनी थी'

परिवार में सभी सरकारी नौकरी करते थे और अरुण भी प्राइवेट सेक्टर में 8 साल नौकरी की। इस दौरान कई बार उन्हें लगा कि वे इलेक्ट्रॉनिक के क्षेत्र में कुछ करें लेकिन पैसे की तंगी उन्हें रोक देती थी। आखिरकार एक दिन अरुण गुप्ता ने नौकरी छोड़ने का निर्णय लिया और लोन लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में अपना पहला कदम रखा और नींव रखी एनटीएल इलेक्ट्रॉनिक्स की। इसके बाद लाइटिंग के क्षेत्र में चॉक को

Steps of Entrepreneur

लेकर किए गए इनके आविष्कार ने इन्हें क्षेत्र का पायोनियर बना दिया। 2012 में लूमिनस के साथ जॉइंट वेंचर कर फेरॉक्स ब्रैंड के जरिए एलईडी लाइट के कारोबार में अपना मुकाम बना चुके अरुण गुप्ता का आज 700 करोड़ से ज्यादा का टर्न ओवर है। सुधा श्रीमाली ने अरुण गुप्ता से बात की उनकी इस लाइटफुल जर्नी के बारे में:

Arun Gupta, MD, NTL Electronics India Limited and Global CEO, NTL Lemnis

ऐसे शुरू हुआ सफर

मैंने इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चरिंग में एक आइटम को लेकर काफी मेहनत की। दोस्तों से पैसे लेकर और लोन लेकर उस आइटम की मैन्यूफैक्चरिंग करने लगा और आईटी कंपनियों को सप्लाई करने लगा। चैलेंज व रिस्क दोनों लिया क्योंकि मुझे एक धुन सवार हो गई थी कि लगभग हर इलेक्ट्रॉनिक आइटम मेड इन विदेशी है और इतने बड़े बाजार को क्यों न हम हिंदुस्तानी कैटर करते। एनटीएल इलेक्ट्रॉनिक्स के तहत टेलिकॉम से लेकर कई सेक्टर के लिए हमनें इलेक्ट्रॉनिक मैन्यूफैक्चर के तौर पर काम किया। फिर हमनें लाइटिंग के क्षेत्र में कदम रखा और इलेक्ट्रॉनिक चॉक का निर्माण किया और फिटिंग के लिए इस्तेमाल होने वाली सामग्री का भी निर्माण करने लगे।

एलईडी में एंट्री

मैंने देखा कि कैसे बल्ब की जगह सीएफएल ने ले ली है और कैसे जल्द ही एलईडी पूरी तरह से सीएफएल की जगह भी लेगा। बस, इसी सोच के चलते लेमिनस के साथ जॉइंट वेंचर किया और एनटीएल लेमिनस की शुरुआत हुई। लेमिनस वर्ल्ड में पहली बार लैंप को रियल एलईडी में बदलने वाली पहली कंपनी है,इससे हमें टेक्नॉलजी मिली और हमनें कमर्शल से लेकर रिटेल तक सभी जगह एलईडी को लेकर बहुत बड़ी रेंज लॉन्च की। आम आदमी अपने पुराने लैंप होल्डर में ही एलईडी का उपयोग कर सके इसके लिए रेट्रोफिट लैंप से लेकर माइनिंग, स्पॉट लाइट, ट्रैक व सिलिंग लाइट जैसे प्रॉडक्ट मार्केट में उतारे।

सरकार दे रही प्रोत्साहन

एलईडी में सीएलएल से आधी बिजली की बचत होती है और लाइट भी ज्यादा आती है। लेकिन अभी इसकी कीमत थोड़ी ज्यादा है लेकिन इसकी लाइफ ज्यादा होने से आम आदमी भी कुछ इस्तेमाल करने लगा है। सरकार प्रोत्साहन दे रही है और यही वजह है कि सारी स्ट्रीट लाइट एलईडी की गई है। नया कंस्ट्रक्शन, होटेल व कर्मशल यूज में इसकी उपयोगिता काफी बढ़ी है लेकिन जब तक सरकार इसे मेंडेटरी नहीं करती तब तक प्रतिस्पर्धा नहीं होगी और कीमतें कम नहीं होंगी।

इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बनना होगा आत्मनिर्भर

इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स की बात करें तो 95 पर्सेंट आइटम हमारा देश इंपोर्ट करता है। 90 पर्सेंट से ऊपर तो चाइना से आ रहा है। ऐसा होना पहले गलत नहीं कहा जा सकता था क्योंकि हम विकासशील होना शुरू ही हुए थे और टेक्नॉलजी का नॉलेज हमें नहीं थी लेकिन अब हमें इस क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। हमारे युवाओं को इसके लिए आगे आना चाहिए और नॉलेज व टेक की मदद से मैन्यूफैक्चरिंग में कदम रखना चाहिए।

सरकारी बैंकों को मिलेगी 8,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी

■ **भाषा,नई दिल्ली**

सरकार चालू वित्त वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में उनका पूंजी आधार बढ़ाने के लिए 8,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी डालेगी। वित्त मंत्री पी. चिदंबरम की सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक प्रमुखों के साथ बैठक के बाद वित्तीय सेवा सचिव जी एस संधू ने कहा,'अंतरिम बजट में हमने इसके लिए 11,200 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। हालांकि, जरूरत उससे अधिक की है। शेष जरूरत 6,000 से 8,000 करोड़ रुपये होगी।' उन्होंने कहा,'मुझे बताया गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को 6,000 से 8,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी मुहैया कराई जा सकती है।' हालांकि, इस बारे में फैसला नई सरकार को करना होगा। सरकार ने 31 मार्च, 2014 को समाप्त वित्त वर्ष में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 14,000 करोड़ रुपये डाले हैं। इसमें से भारतीय स्टेट बैंक को 2,000 करोड़ रुपये व इंडियन ओवरसीज बैंक को 1,200 करोड़ रुपये मिले हैं। रिजर्व बैंक के अनुसार भारतीय बैंकों को नए वैश्विक बैंकिंग नियमों बेसल-तीन को पूरा करने के लिए 5 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त पूंजी की जरूरत होगी। संधू ने कहा कि इन बातों के अलावा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए बड़ी चिंता फंसा कर्ज या एनपीए है। उन्होंने कहा कि लगातार किए जा रहे प्रयासों से बीते वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में बैंकों के एनपीए की स्थिति इससे पिछली तिमाही के मुकाबले सुधरी है। उन्होंने बताया कि 2013-14 की अंतिम तिमाही में बैंकों की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (एनपीए) घटकर 4.44 प्रतिशत पर आ गईं।

'स्थिर गठबंधन सरकार से अर्थव्यवस्था की स्थिति सुधरेगी'

■ **भाषा,नई दिल्ली:** केंद्र में मजबूत व स्थिर गठबंधन सरकार के गठन से देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति सुधरेगी। उद्योग मंडल एसोचैम ने कहा कि इससे निवेशकों का उत्साह बढ़ेगा और आर्थिक वृद्धि दर बढ़ेगी। एसोचैम के अध्यक्ष राणा कपूर ने कहा,'मजबूत व स्थिर गठबंधन के सत्ता में आने से नई सकरार को एक सोच वाली सुधारात्मक नीतियों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी और इससे आपूर्ति अड़चनों को दूर किया जा सकेगा, ढांचागत निवेश बढ़ाया जा सकेगा और निवेश का माहौल सुधारा जा सकेगा। औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर कपूर ने कहा,'पिछले छह महीनों में पांच माह के दौरान औद्योगिक उत्पादन नकारात्मक दायरे में बना हुआ है जो मांग कमजोर रहने का संकेत है।' मार्च माह में औद्योगिक उत्पादन में आधा फीसदी की गिरावट आई है।

रोजगार व निवेश, नई सरकार का शीर्ष अजेंडा होना चाहिए: वेदांता

■ **भाषा,नई दिल्ली**

वेदांता रिसोर्सेज के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि नई सरकार का प्रमुख अजेंडा रोजगार सृजन, विनिर्माण तथा निवेश के माहौल में सुधार के अलावा गरीबी उन्मूलन होना चाहिए। अग्रवाल ने ट्विट किया है,'उद्योग नई सरकार का इंतजार कर रहा है। विनिर्माण व निवेश में सुधार, रोजगार सृजन तथा गरीबी उन्मूलन नई सरकार का प्रमुख एजेंडा होना चाहिए।'एग्जिट पोल्स में भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 249 से 290 सीटें मिलने की भविष्यवाणी की गई है। उन्होंने कहा कि कुछ क्षेत्रों में बड़ी राष्ट्रीय परियोजनाओं को लेकर असमंजस की स्थिति है। अग्रवाल ने एक बयान में प्राकृतिक संसाधनों की नीलामी राजस्व भागीदारी या रॉयल्टी के आधार पर करने का प्रस्ताव किया है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की राजस्व भागीदारी या उंची रायल्टी के आधार पर नीलामी एक बेहद टिकाउ व पारदर्शी तरीका होगा।

इससे भारतीय उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा, जो विश्वस्तरीय प्रौद्योगिकी लाएंगे, आधुनिक कारखानों का विनिर्माण करेंगे तथा देश में बड़ा निवेश लाएंगे। अग्रवाल ने कहा कि भारत में बाक्साइट, कोयला, लौह अयस्क, तांबा व सोने जैसे प्राकृतिक संसाधनों का अच्छा खासा भंडार है इसके बावजूद उसे इनके आयात पर अरबों डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं।

मोटोरोला लाई सस्ता स्मार्टफोन मोटो ई

■ **एनबीटी:**

- मोटोरोला ने सस्ते स्मार्टफोन का मुकाबला और भी जोरदार बना दिया है।
- इसने 6999 रुपये दाम के साथ अपना नया हैंडसेट मोटो ई लॉन्च किया है।
- इसमें एक जीबी रैम, 1.2 गीगा हर्त्ज का डूअल कोर प्रोसेसर, 1980 मिली एंपियर की बैटरी और 4.3 इंच की 540 गुना 960 पिक्सल की स्क्रीन है।
- मोटो सीरीज के बाकी हैंडसेट्स की तरह यह भी लेटेस्ट एंड्रॉयड 4.4 यानी किटकैट पर ऑपरेट करता है।
- अभी तक हम 9-10 हजार रुपये के भी कई हैंडसेट में 512 एमबी तक ही रैम देख रहे थे।
- 7000 रुपये से कम में यह पैकेज तगड़ा मुकाबला देगा।
- मोटो जी और मोटो एक्स की तरह इसे फ्लिपकार्ट पर एक्सक्लूसिव लॉन्च किया गया है। इसमें फ्रंट में 5 मेगापिक्सल का कैमरा है, बिना फ्लैश के। फ्रंट कैमरा नहीं है, लेकिन इस प्राइस रेंज में यह काफी है। इसकी इनबिल्ट मेमरी 4 जीबी है, माइक्रो एसडी कार्ड से आप इसे 32 जीबी तक बढ़ा सकते हैं। इसमें दोनों सिम माइक्रो सिम ही लगेंगे।

आपस में चैट करने वाले अप्लायंस

सोचिए आप अपने फ्रिज, वॉशिंग मशीन या माइक्रोवेव अवन से चैट कर सकें, घर से दूर कहीं से भी। कुछ इसी तरह की शुरुआत होने जा रही है और एलजी ने अपने होम अप्लायंस की लेटेस्ट रेंज सिओल में पेश की जिसमें यह झलक दिखती है। मसलन उसके नए स्मार्ट फ्रिज इनबिल्ट कैमरे से लैस हैं, आप अपने फोन पर होमचैट ऐप्लिकेशन से कहीं दूर से ही देख सकते हैं फ्रिज में अंदर क्या क्या है और क्या खरीदने की जरूरत है, पता कर सकते हैं कि फ्रिज आखिरी बार कब खुला आदि। स्मार्ट मैनेजर ऐप फ्रिज में रखे पैक्ड फूड की एक्सपायरी डेट भी चेक कर लेता है और खाना रिकमंड भी करता है। इसी तरह वॉशिंग मशीन को आप कहीं दूर से ही मेसेज भेजकर धुलाई शुरू करने के ऑर्डर दे सकते हैं। माइक्रोवेव अवन आपको फोन पर पसंद की डिशेज की रेसिपी देता है और आप वह बनाना चाहते हैं तो अपनी टाइमिंग खुद ही उसके हिसाब से सेट कर लेता है। एलजी कोरिया में लॉन्च के बाद इन्हें जल्द दूसरे मुल्कों में भी पेश करेगी।



MAHARASHTRA STATE ROAD DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED, MUMBAI
(A Govt. of Maharashtra Undertaking)
Near Priyadarshini Park, Nepean Sea Road, Mumbai 400 036. INDIA
Tel.: 022-2368 6112 / 2369 6109 • Fax: 022-2368 4943, 2369 6110
E-mail : msrdc.org@gmail.com • Website : http://www.msrdc.org
eTendering Portal : http://msrdc.maharashtra.etenders.in
MSRDC

NOTICE INVITING E-TENDER - CORRIGENDUM II
(International Competitive Bidding)
INVITATION FOR e-TENDERS / BIDS FOR REQUEST FOR QUALIFICATION (RFQ)
Name of the Work : Development of Versova-Bandra Sea Link (VBSL) project on Design, Build, Finance, Operate & Transfer (DBFOT) framework
The E-tender Notice was published on 02.03.2014. The last date of sale of the RFQ documents is now extended up to 30.05.2014. The last date of submission is 07.06.2014.
Sd/-
Vice Chairman & Managing Director
MSRDC Ltd., Mumbai

केन्द्रीय दुर्घटना एवं अभिघात सेवाएं (सीएटीएस)
(दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार का एक स्वायत्त निकाय)
यमुना पुश्ता, बेला रोड, विजय घाट के नजदीक, नई दिल्ली-110006

संख्या: HLL/PCD/CATS/NCT-HT/02/14-15 दिनांक: 12.05.2014

एचएलएल लाइफकेयर लि. का अधिप्राप्ति तथा परामर्श सेवा प्रभाग **केन्द्रीय दुर्घटना एवं अभिघात सेवाएं (दिल्ली के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की सरकार का एक स्वायत्त निकाय)** के लिए और उसकी ओर से योग्य व अर्हताप्राप्त निविदाकारों से एडवांस जीवन अवलंब और आधारभूत जीवन अवलंब एम्बुलेंस की आपूर्ति के लिए मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है।

1. निविदा प्रपत्र की बिक्री की तिथि: 14.05.2014 से 03.06.2014 तक (प्रातः 10 बजे से सायं 5.00 बजे तक)
2. निविदा पूर्व मीटिंग: 21.05.2014 को अपराह्न 3.00 बजे (भारतीय समयानुसार);
3. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि व समय: 04.06.2014 को अपराह्न 3.00 बजे (भारतीय समयानुसार);
4. तकनीकी वाणिज्य निविदा खुलने की तिथि व समय: 04.06.2014 को अपराह्न 3.30 बजे (भारतीय समयानुसार)

विवरण के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.lifecarehll.com, www.health.delhigovt.nic.in और/या www.eprocure.gov.in देखें।

हस्ता./-
निदेशक, सीएटीएस
सू.प्र.नि./0149/2014-15